22/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज लिकाबाली स्थित सैन्य स्टेशन में छप्पनवें इन्फैंट्री डिवीजन के स्पीयरहेड डिवीजन द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के समापन में भाग लिया। 'रिसर्जेंट अरुणाचल: इंटीग्रेटेड डेवेलोपमेंट एण्ड सेक्यूरिटी एप्रोच” पर इस सेमिनार में राज्य के रणनीतिक महत्व और सामाजिक-आर्थिक विविधता पर ध्यान केंद्रित किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने राज्य की संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सीमा और पड़ोसी देशों के साथ इसकी निकटता के कारण निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने शुक्रवार को राज्य सिविल सचिवालय ईटानगर में नीति आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने ने शहरी गतिशीलता में सुधार के लिए ईटानगर और नाहरलगन के बीच मोनोरेल सिस्टम के लिए नीति आयोग से तकनीकी सहायता मांगी है। एवं राज्य में नागरिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए पुराने प्रशासनिक ढांचे को उन्नत करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्य के विकास में भागीदार रहा है और इस भागीदारी ने नीतियों को परिष्कृत करने और शासन को बेहतर बनाने में मदद की है।

0000000000000000000000

आज विश्व जल दिवस है। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। इस वर्ष का विषय है ग्लेशियर संरक्षण। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में, यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर द्वारा एब्रालो मेमोरियल मल्टीपर्पज सोसायटी के साथ ईटानगर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से आज नदी सफाई अभियान और "सेव रिवर, सेव लाइफ़" के थीम पर प्लेकार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया।

0000000000000000

विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में, आज सिगार मिलिट्री स्टेशन द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में ईस्ट सियांग के मेबो प्राइमरी स्कूल के छात्रों के साथ ही उनके माता-पिता भी शामिल हुए। अंत में सैनिकों और छात्रों द्वारा "सेव वाटर, सेक्यूर द फ़्यूचर" पर शपथ भी लिया गया।

00000000000000000000

आईसीएआर-राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र, दिरांग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, तवांग के सहयोग से आज तवांग के किसानों को पशुओं के वैज्ञानिक पालन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके विश्व जल दिवस 2025 मनाया गया। लेम्बारदुंग क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के 100 से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत एक मामले में एक असिस्टेंट इंजिनीयर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी 50 वर्षीय ईका रिमो आईपीसी की धारा 376, 326 और 506 के साथ पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत आरोप लगाए जाने के बाद से फरार था। राजधानी पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, पिछले साल फरवरी में ईस्ट कामेंग जिले के सेप्पा महिला पुलिस थाने में दर्ज मामले की जांच के तहत अपराधी पकड़ा गया और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए सेप्पा पुलिस को सौंप दिया गया है।

0000000000000000000000

राजधानी पुलिस द्वारा शुक्रवार को चिम्पू से दो संदिग्ध ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 लाख रुपये की हेरोइन जब्त की। पुलिस ने आरोपियों के पास से 40,000 रुपये नकद और टू वीलर भी जब्त किया। राजधानी पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, जब वह कथित तौर पर चिम्पू में मादक पदार्थ बेचने का प्रयास कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि उसके खुलासे के बाद, पुलिस ने जू रोड पर बीड़ी बीदा गांव में एक आवास पर छापा मारा, जहां उन्होंने हेरोइन के चार अतिरिक्त पैकेट बरामद किए।

0000000000000000000

शुक्रवार को पाक्के-केसांग जिले के सेजोसा सब-डिविजन के जॉली/गोलोसो क्षेत्र में सेजोसा पुलिस के एक टीम द्वारा चलाए गए आईएलपी चेकिंग अभियान के दौरान कुल तैतालीस लोगों को बिना आईएलपी के पकड़ा है। पाक्के-केसांग एसपी तासी दारांग ने लोगों को प्रवासी मजदूरों का कैरेक्टर वेरिफ़िकेशन सुनिश्चित करने और जिले में किराये पर रहें लोगों का वेरिफ़िकेशन भी करने की सलाह दी।

0000000000000000000000

डिजिटल साक्षरता के माध्यम से भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत राज्य के जांग सब-डिविजन के थिंग्बू सर्कल के अंतर्गत गवर्मेंट अपर प्राइमेरी स्कूल, जांगदा में एक अत्याधुनिक कंप्यूटर ट्रैनिंग लैब की स्थापना की। इस पहल का उद्देश्य सुदूर गाँव के छात्रों के पाठ्यक्रम में कंप्यूटर साक्षरता को एकीकृत करना है, ताकि उन्हें भविष्य के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल प्रदान किया जा सके।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी द्वारा शुक्रवार शाम राजीव गांधी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के लिटरेरी एक्टिविटीज क्लब के सहयोग से आरजीयू में विश्व कविता दिवस का आयोजन किया। पासीघाट में जे.एन. कॉलेज में, तेजू में इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में और ईटानगर में, डीएनजीसी लिटरेरी क्लब के सदस्यों ने भी कॉलेज में विश्व कविता दिवस का आयोजन किया।

0000000000000000000000